भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 902

उत्तर देने की तारीख : 27.07.2026

ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) से संबंधित सुधारों के कार्यान्वयन की स्थिति

902. **श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:**
श्री राजिन्दर गुप्ता:
श्री लहर सिंह सिरोया:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) संबंधी सुधारों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा की जाने वाली खरीद, यथापरिकल्पित टीआरईडीएस के माध्यम से की जा रही है;

(ग) टीआरईडीएस का सरकारी ई-बाजार (मार्केटप्लेस) के साथ एकीकरण तथा ऋण गारंटी सहायता के कार्यान्वयन में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(घ) इन सुधारों का एमएसएमई के लिए समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा कार्यशील पूंजी की सुलभता पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : बजट घोषणा 2026-27 के पैरा 30(I) के अनुपालन में, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने 30 जून, 2026 को का. आदेश 3507(अ) के माध्यम से एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें सभी सीपीएसई को किसी भी एक ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड होना अधिदेशित किया गया है।

(ख) : जैसा कि आरबीआई और ट्रेड्स प्लेटफॉर्म द्वारा सूचित किया गया है, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में विशेष रूप से एमएसएमई मंत्रालय द्वारा 30 जून, 2026 की गजट अधिसूचना का. आदेश 3507 (अ) जारी करने के बाद अपने आपूर्तिकर्ताओं को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने के लिए काफी आकर्षण रहा है।

(ग) : सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के अनुसार, जेम का ट्रेड्स प्लेटफार्मों के साथ एकीकरण अब शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) ने क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत ट्रेड्स पर क्रेडिट सुविधाओं के लिए विशेष प्रावधानों को अधिसूचित करते हुए 15 जून, 2026 को परिपत्र संख्या 262/2026-27 जारी किया है।

(घ) : जैसा कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म द्वारा सूचित किया गया है, नए सुधारों और विनियामक विकासों से एमएसएमई और ट्रेड्स पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए ट्रेड्स इकोसिस्टम को सुविधाजनक बनाकर उसका उपयोग करके ऑनबोर्डिंग की सुचारू प्रक्रिया के माध्यम से एमएसएमई की अधिक भागीदारी से एमएसएमई के भुगतान को सुव्यवस्थित करने की उम्मीद है।

******